सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 71 | इंदौर, सोमवार 23 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## न्यूयॉर्क में PM मोदी बोले- नियति मुझे राजनीति में लाई

# प्रवासियों से कहा- मैं देश में भटका, जो मिला खा लिया, जहां सोने को मिला सोया

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे के दूसरे दिन रविवार को न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। मोदी ने एक घंटे 7 मिनट दिए भाषण में अपने राजनीतिक जीवन, भारत की तरक्की और प्रवासियों पर चर्चा की।**

प्रधानमंत्री के न्यूयॉर्क के नासाउ वेटरंस कॉलेजियम पहुंचते ही हजारों लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। मोदी के स्वागत में पहले अमेरिका का राष्ट्रगान और फिर भारत का राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद मोदी ने भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-

मेरे जीवन का एक बहुत बड़ा हिस्सा ऐसा रहा जिसमें मैं सालों तक देश में भटकता रहा, जहां खाना मिला खा लिया ,जहां सोने को मिला सो लिया, समंदर से पहाड़ों और रेगिस्तान तक को जाना।

'अपना नमस्ते लोकल से ग्लोबल हो गया' मोदी ने भाषण की शुरुआत में नमस्ते कहकर लोगों को अभिवादन किया, फिर कहा, 'अपना नमस्ते मल्टीनेशनल हो गया, लोकल से ग्लोबल हो गया।' मोदी ने कहा, 'जब मैं न CM था न PM था तब इस धरती पर कई सवालों के साथ आता था। किसी पद पर नहीं था तब मैंने अमेरिका के 29 राज्यों का दौरा किया था।'



मोदी ने प्रवासियों से कहा, 'इस बार भारत के चुनाव में कुछ अभूतपूर्व हुआ है।' इसके बाद मोदी ने लोगों की तरफ हाथ उठाया और उनसे 3 बार, अब की बार मोदी सरकार के नारे लगवाए।

### मोदी के संबोधन की अन्य अहम बातें...

- अगला ओलिंपिक USA में है। जल्द ही भारत भी ओलिंपिक का साक्षी बनेगा। हम 2036 मेजबानी के लिए प्रयास कर रहे हैं।
- खेल, बिजनेस या मनोरंजन, भारत बहुत बड़े आकर्षण का केंद्र है। IPL दुनिया की टॉप लीग्स में है। फिल्में धूम मचा रही हैं।
- भारत की मानसिकता दुनिया में दबाव नहीं, प्रभाव बनाने की है। हम आग की तरह जलाने वाले नहीं, सूरज की तरह रोशनी देने वाले हैं। हम विश्व पर दबदबा नहीं, बल्कि समृद्धि में सहयोग देना चाहते हैं।
- एक दशक से भारत दसवें नंबर से पांचवें नंबर की इकोनॉमी बन गया। अब हर भारतीय चाहता है कि भारत जल्दी से थर्ड लार्जेस्ट इकोनॉमी बने।
- आपको एक शब्द याद रहेगा पुष्प। मैं पुष को परिभाषित करता हूं। प्रोग्रेसिव भारत, अनस्टॉपेबल भारत, स्पिरिचुअल भारत, ह्यूमैनिटी को, प्रॉसपैरिटी को समर्पित भारत।
- गूगल-IBM के CEOs के साथ मोदी की राउंड टेबल बैठक भारतीय समुदाय को संबोधित करने के बाद PM मोदी ने अमेरिका के बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की। राउंड टेबल बैठक के दौरान उन्होंने AI, सेमीकंडक्टर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोटेक्नोलॉजी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में गूगल के CEO सुंदर पिचई, IBM के CEO अरविंद कृष्णा, एडोबी के CEO शांतनु नारायण और अन्य कई टेक CEO शामिल हुए।
- PM मोदी ने फिलिस्तीन-नेपाल के लीडर्स के साथ बैठक की PM मोदी ने रविवार को नेपाल के PM केपी ओली, फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा खालिद अल-हमद अल-सबा के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

## विजयवर्गीय का दावा- सदस्यता अभियान में इंदौर-1 देश में नंबर वन

### टारगेट से 9 प्रतिशत ज्यादा नए सदस्य बने, इंदौर-5 सबसे पीछे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के देश भर में जारी सदस्यता अभियान को लेकर मप्र के नगरीय प्रशासन मंत्री और बीजेपी के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का गर्व है कि सदस्यता अभियान में इंदौर एक नंबर विधानसभा पूरे देश में नंबर वन है।**

विजयवर्गीय का दावा है कि इंदौर-1 विधानसभा ने सदस्य बनाने का टारगेट पूरा कर लिया है। इंदौर-1 में लक्ष्य से 9 प्रतिशत ज्यादा यानी 109% सदस्य अभी तक बन चुके है। वहीं 45 प्रतिशत नए सदस्यों के साथ इंदौर-5 सबसे पीछे है।

मप्र में सदस्यता अभियान जब से शुरू हुआ है तब से ही इंदौर-1 और इंदौर-2 विधानसभा आगे चल रही है। इंदौर-1 विधानसभा में अभी तक 91 हजार से ज्यादा सदस्य बन चुके हैं। इंदौर-2 को 78 हजार सदस्य बनाने का टारगेट दिया गया था और शनिवार शाम तक 69 हजार 861 सदस्य बना लिए हैं।

सदस्यता बनाने के मामले में इंदौर-1 और इंदौर-2 विधानसभा तीन सितंबर से ही मप्र के टॉप-10 विधानसभा में शामिल है। जबकि इंदौर की अन्य कोई विधानसभा ।प्रदेश की टॉप-10 लिस्ट में शामिल नहीं हो पाई है।

### प्रदेश अध्यक्ष की चेतावनी के बाद भी अन्य विधानसभा पीछे

इंदौर की 9 विधानसभा में से 1 और 2 को छोड़कर अन्य सभी विधानसभा सदस्य बनाने के टारगेट को पूरा करने में पिछड़ी हुई है। इंदौर की 7 विधानसभाओं की पिछड़ी हुई स्थिति को देखकर 11 दिन पहले यूपी के मंत्री और बीजेपी मप्र के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने रात को बीजेपी कार्यालय पर बैठक लेकर कहा था कि इंदौर में बीजेपी के सदस्यता अभियान की हालत चिंताजनक है। रात में बैठक के दौरान मंत्री सिंह ने शहर में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर चिंता जताते हुए कहा था कि अभी तक इंदौर 1 और इंदौर 2 विधानसभा ही अव्वल है। बाकी विधानसभाओं में ठंडा काम चल रहा है, इसमें तेजी लाने की जरूरत है।

वहीं पिछले हफ्ते कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने इंदौर आए प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी चेतावनी देते हुए कहा था कि मैदान में नहीं उतरने और अधिक सदस्य नहीं बनाने के चलते कई मंत्री और विधायक अपना विधानसभा चुनाव हार गए थे।

# देश बदला, संस्कार नहीं...पितृ तर्पण करने दुबई से उज्जैन आया 82 तीर्थयात्रियों का ग्रुप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** भारत अद्भुत देश है धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से यह देश दुनिया भर में विख्यात है। यही वह देश है, जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। इसी राष्ट्र के मध्य भाग मे उज्जैन ऐसा शहर हैं, जिनकी अपनी विरासत है। अवंतिका नगरी यानी उज्जैन अपने आप में धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और कई चमत्कार समेटे हुए है। सामान्य तौर पर भी देश-दुनिया के सनातनियों की आस्था का यह अद्भुत और बहुत बड़ा केंद्र है। इसीलिए देश-विदेश से बड़ी संख्या मे लोग यहां पहुंचते हैं।

यह तो रही इन आस्था के केंद्रों के महत्व की बात, परंतु यह भी गर्व करने की बात है कि जो गुजराती 70-80 साल से दुबई या विदेशों में बसे हुए हैं, वे आज भी मूलवतनी होकर अपनी संस्कृति से बंधे हुए हैं। कहते हैं कि जहां-जहां बसे गुजराती, तहां- तहां बसा गुजरात। हकीकत मे गुजराती भले ही विदेशों में जाकर बस गए हों,



लेकिन उन्होंने अपनी संस्कृति नहीं खोई है। यही वजह है कि समय-समय पर वे हिंदुस्तान आकर अपने धर्म, संस्कृति, अध्यात्म और इतिहास से रूबरू होते रहते हैं और आने वाली पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति में ढालते रहते हैं। भले ही ये गुजराती अरबपति हों, खरबपति हों, परंतु भारतीय और अपनी मूलवतनी गुजराती संस्कृति इनके रग-रग में बसी हुई है।

दुबई-बहरीन से करीबन 82 लोगों का एक ग्रुप फ्लाइट से इंदौर आया और यहां से उज्जैन पहुंच कर विश्व प्रसिद्ध 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर दर्शन किए। इस ग्रुप के आयोजक सोनी परजिया समाज दुबई के प्रमुख नटवरलाल शांतिलाल सागर तथा अमेजन टूर्स एंड ट्रेवल्स दुबई के संचालक हसुभाई और स्मिता बेन भी इस ग्रुप के साथ थे। शारजाह एयरपोर्ट से 2 बजे यह ग्रुप रवाना हुआ और सुबह 9.30 बजे इंदौर पहुंचा। 11 बजे उज्जैन पहुंचकर धर्मलाभ लेना शुरू किया चूंकि श्राद्ध पक्ष शुरू हो चुका है, इसलिए इस ग्रुप ने सुबह-सुबह उज्जैन में पितरों की याद में तर्पण किया फिर भगवान मंगलनाथ की शरण में पहुंचकर उज्जैन की उस पावन भूमि यानी मंगल ग्रह के उत्पत्ति स्थल के दर्शन किए।

## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# कार्मिकों के अथक परिश्रम से मिलती है संस्था को सफलता : तोमर

## बिजली कार्मिकों ने दी अमित तोमर को भावपूर्ण विदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। टीम भावना और कर्मचारियों-अधिकारियों की मेहनत से ही किसी भी विभाग या संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने में सफलता मिलती है। पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी में मेरा कार्यकाल भी कर्मचारियों व अधिकारियों की मेहनत से सफल रहा और मैं कठिन से कठिन चुनौतियों को भी पार कर सका। ये विचार मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चार वर्ष तक एमडी रहे व वर्तमान में प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग अपर सचिव श्री अमित तोमर के है। रविवार दोपहर विजय नगर क्षेत्र में आयोजित विदाई समारोह में उन्हें कंपनी की नवागत एमडी सुश्री रजनी सिंह की मौजूदगी में विदाई दी गई। इस अवसर पर सुश्री रजनी सिंह ने कहा कि श्री तोमर के साथ मुझे खंडवा में भी कार्य करने को मिला और उनके द्वारा सीखी गई कई बातें विभागीय कार्यों को कुशलतापूर्वक संचालित करने में काम आएगी। आयोजन में मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक श्री पुनीत दुबे, श्री सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके, श्री बीएल चौहान, श्री आरके नेगी , श्री रवि मिश्रा, श्री गिरीश व्यास, श्री एससी वर्मा आदि उपस्थित थे। अधिकारियों ने शाल, श्रीफल, साफा तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री तोमर व श्री वैश्य को विदाई दी और सुश्री रजनी सिंह का स्वागत गरिमापूर्ण किया। संचालन श्रीमती अंजलि विश्वकर्मा ने किया।

# विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री जयंतीलाल हीराचंद संघवी गुजराती इनोवेटिव कॉलेज ऑफ कामर्स एंड साइंस,में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन चल रहा है। स्वच्छता पखवाड़े कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. श्रद्धा कटारिया ने स्वयं सेवक/सेविकाओ को स्वच्छता अभियान हेतु प्रेरणात्मक उद्बोधन देते हुए जागरूक किया । डॉ. वंदना जैन, डॉ अर्पिता मित्तल व कार्यक्रम अधिकारी डॉ किंजल शाह ने समस्त विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता बनाए रखने हेतु स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। दिनांक 19 सितंबर को एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किंजल शाह ने स्वयं सेवक /सेविकाओं को साफ सफाई विषय पर प्रेरणात्मक उद्बोधन देते हुए जागरूक किया। दिनांक 20 सितंबर को व्यक्तिगत स्वच्छता , शौचालयो की स्वच्छता तथा उपयोग पर जानकारी प्रदान करते हुए डॉ किंजल शाह ने समस्त विद्यार्थियों को अभि प्रेरित किया । दिनांक 21 सितंबर को विशेष श्रम दान दिवस पर घर, आस झपास के क्षेत्रों व अन्य स्थलों पर साफ झ सफाई रखने हेतु डॉ. भारती शाह ( विषय विशेषज्ञ) ने स्वयं सेवकों/सेविकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही वरिष्ठ स्वयं सेवक भानु प्रताप सिंह ने सभी विद्यार्थियों को गीले व सूखे कचरों को अलगझअलग रखने हेतु प्रेरित किया व सफाई व स्वच्छता के महत्व पर विस्तार पूर्वक उद्बोधन दिया। समस्त कार्यक्रम मैं वरिष्ठ स्वयं सेवक प्रबुद्ध लोधवाल,चेतन शाक्य,कान्हा जाधव व मोहन विश्वकर्मा ने अपनी भागीदारी दर्ज की।

# महिला डॉक्टर और नर्सो को आत्मरक्षा और जूडो कराटे की ट्रेनिग दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मार्शल आर्ट और जुडो कराटे ट्रैनर दिनेश मटके ने महिला डॉक्टर और नर्सो को जूडो कराटे के साथ साथ आत्म रक्षा की ट्रैनिंग दी। महिला आत्मरक्षा शिविर मालवा मिल स्थित एक निजी हॉस्पिटल में हुआ था। इस मौके पर डॉ. मनीष बिंदल, चान्सी मटके , श्रधा शुक्ला, विजय बरेठिया, प्रिया परिहार, मोहन सिह,चौहान और आर्यन राजपूत, विशेष रूप से उपस्थित थे। दिनेश मटके ने बताया कि आज हर महिला डॉक्टर और नर्सो को अपनी आत्मरक्षा करते आनी चाहिए,क्योंकि कई बार महिला डॉक्टर और नर्सो को अकेले में भी अपनी ड्यूटी निभाना पड़ती है। सबसे ज्यादा संकट रात की ड्यूटी के समय आता है जब महिलाओ के पास और कोई नहीं होता है और सुरक्षा संबंधी कोई साधन भी नहीं होते है।

# नो कार-डे पर जनप्रतिनिधि-अधिकारियों ने साइकिल चलाई

## महापौर पत्नी के साथ ई-स्कूटर पर निकले







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रविवार को नो कार डे पर सुबह के वक्त बीआरटीएस लेन कारों से मुक्त रही। तो दोपहर बाद स्थिति सामान्य हो गई और बड़ी संख्या में लोग कार से सफर करते नजर आए। नगर निगम और एआईसीटीसीएल द्वारा बीआरटीएस रुट पर आम लोगों की सुविधा के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के साथ माय बाइक और ई रिक्शा उपलब्ध कराए गए। लेकिन सुबह कुछ घंटों बाद ही अधिकांश चौराहों में रोजाना की तरह कारों की लम्बी कतारे लगी रही। 2023 में शुरू हुए इस अभियान में पहले साल एक दिन 13% कारें कम चली थी।

इधर कलेक्टर आशीष सिंह रविवार सुबह ई-बाइक से हेलमेट लगाए कलेक्टोरेट पहुंचे। मेयर पुष्यमित्र भार्गव भी सुबह 9.30 बजे अपने निवास सुदामा नगर से पलासिया के लिए साइकिल से रवाना हुए। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में साइकिल राइडर्स भी शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने ई स्कूटर पर पत्नी के साथ सफर किया। बाद में उन्होंने एमआईसी सदस्यों के साथ ई-बस से दूसरे कार्यक्रमों में पहुंचे।

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नो कार डे का यह दूसरा साल है। यहां लोगों को नो कार डे के लिए जागरूक करने के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं कारों का उपयोग नहीं करते हुए साइकिल ई-बाइक और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग कर रहे हैं। इससे लोगों के बीच में एक संदेश पहुंचे। कारों का उपयोग एक दिन के लिए नहीं करें। यह पर्यावरण की दृष्टि से काफी लाभदायक रहेगा। पिछले साल नो कार डे के अवसर पर 13% कारें कम चली थी और ईंधन की भी बचत हुई थी।

### अधिकारियों ने चलाई साइकिल, ई-स्कूटर पब्लिक ने बनाई दूरी

नो कार डे अवसर पर शहर के कई जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने कार की जगह साइकिल, ई-स्कूटर, और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग किया। मेयर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीष सिंह के अलावा निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, एडिशनल कमिश्नर अभिलाष मिश्रा, आरटीओ प्रदीप कुमार शर्मा सहित कई अधिकारी और एमआईसी मेंबर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से अपने कार्यालय तक पहुंचे। लेकिन सुबह 11 बजे बाद से सड़कों और ट्रैफिक सिग्नल पर कारों की लम्बी लम्बी कतारें लगना शुरू हो गई।

### व्यापारियों ने किया समर्थन बाइक और साइकिल से पहुंचे

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के आह्वान पर शहर के इफळर सहित कई हिस्सों स्थानों पर व्यापारियों ने भी सहयोग किया। सुबह के वक्त दुकान खोलने पहुंचे कई व्यापारी कार की जगह साइकिल और बाइक से पहुंचे। एलआईजी चौराहे पर पूजा पाठ की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी विक्की कसेरा ने कहा कि रोजाना मैं दुकान कार से आता हूं लेकिन आज शहर में महापौर के आह्वान पर नो कार डे मनाया जा रहा जिसका पालन करते हुए कई व्यापारी अपने दो पहिया वाहन से बाजार पहुंचे हैं।

### निरंजनपुर से राजीव गांधी तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट

नगर निगम और एआईसीटीसीएल द्वारा बीआरटीएस के निरंजनपुर चौराहा, स्कीम नंबर 78 चौराहा, शालीमार टाउनशिप, सत्य सांई चौराहा, विजय नगर चौराहा, रसोमा चौराहा, सी 21 मॉल, एमआर-9 चौराहा, एलआई चौराहा, इंडस्ट्री हाउस चौराहा, गिटार वाला चौराहा, पलासिया चौराहा, गीता भवन चौराहा, शिवाजी वाटिका चौराहा, जीपीओ चौराहा, नेहरू स्टेडियम चौराहा, नौलखा चौराहा, भंवरकुआं चौराहा, विष्णुपुरी चौराहा और राजीव गांधी चौराहे पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के साथ ही माय बाइक ई रिक्शा उपलब्ध कराई गई।

# नवजात शिशु मृत्यु दर को सिंगल डिजिट में लाने का लिया संकल्प

## 5वीं सेंट्रल जोन एंड एमपी स्टेट नीयोकॉन 2024 का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दुनिया में सबसे ज्यादा बच्चों का जन्म भारत में हो रहा है। इनमें लगभग 20 परसेंट बच्चे प्री मैच्योर या बहुत छोटे पैदा होते हैं और सही देखभाल न होने के कारण बच नहीं पाते हैं ये कहना है गुजरात से आए प्रो. सोमशेखर निंबालकर का वह रविवार को नियोनेटोलॉजी फाउंडेशन समिति इंदौर द्वारा 5वीं सेंट्रल जोन एंड एमपी स्टेट नीयोकॉन 2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस में सभी को कुछ नया सीखने को मिलता है जिससे इस तरह के बच्चों की जिंदगी को बचाने में काफी मदद मिलती है।

20 साल पहले जब बच्चा सांस नहीं लेता था तो उसे तुरंत ऑक्सीजन दे दिया जाता था पर अब टेक्नोलॉजी और ट्रीटमेंट के तरीकों में आए बदलाव के कारण अब इस प्रकार के बच्चों को रूम एयर में रखकर ही बचा लिया जाता है। कॉन्फ्रेंस का शनिवार शाम ओपचारिक उद्घाटन एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.संजय दिक्षित और नियोनेटोलॉजी फोरम की प्रेसिडेंट डॉ. सुषमा नांगिया ने किया। इस मौके पे देशभर से आए विशेषज्ञों ने नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. वीपी गोस्वामी ने बताया कि हम सभी ने मिलकर 2030 तक नवजात शिशु मृत्यु दर जो कि 19 प्रति हजार के आस-पास है उसे 10 प्रति हजार करने का संकल्प लिया है। इसके लिए हम सभी को मिलकर और बेहतर प्रयास करने और बड़ी संख्या में ट्रेंड हेल्थ प्रोफेशनल्स की जरूरत पड़ेगी।

# राजपूत समाज का परिचय सम्मेलन 22 दिसंबर को

## युवा चेतना मंडल ने किया आमंत्रण पत्र के फोल्डर का विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजपूत समाज युवा चेतना मंडल द्वारा 31वां अखिल भारतीय नि:शुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 दिसंबर को साई पैलेस गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में एक बैठक आयोजित कर आमंत्रण पत्र फोल्डर का विमोचन किया गया। अध्यक्ष ठाकुर सुनील सिंह उमठ, मनोहर सिंह चौहान, सुनील सिंह सिकरवार ने बताया कि हर वर्ष की तरह परिचय सम्मेलन नि:शुल्क आयोजित किया जाएगा। इसमें संपूर्ण भारत से एवं विदेशों से विवाह लायक युवक-युवतियों की प्रविष्टियां शामिल की जाएगी। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेणु परिहार, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष यशवंत सिंह भाटी, नारायण सिंह देवड़ा ने बताया कि सम्मेलन में आने वाले सभी मेहमानों को नि:शुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर एक रंगीन स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। बैठक में संतोष सिंह पंवार, मनोहर सिंह चौहान फोजी, सुमेर सिंह राठौड़, कल्याण सिंह सेलोद, सुरेंद्र सिंह पवार, सुनील सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह राठौड़, ओम सिंह तोमर, छतर सिंह दरबार, सरदार सिंह पवार, विजय सिंह पवार, महेंद्र सिंह बेस, तरुण ठाकुर अनिल सिंह चंदेल, नितिन सिंह पटेल, भूपेंद्र सिंह मकवाना, लाखन सिंह शेखावत, सुनील सिंह परिहार, संगीता चौहान, हर्ष लता सिंह परमार, श्रद्धा सिंह गौर, खुशबू बेस, मीना सिंह, सीमा सिंह बेस, ममता कुशवाहा, सीमा तोमर और बड़ी संख्या में राजपूत बंधु शामिल हुए।

# 17 वर्षीय नाबालिग घर से लापता

## सीसीटीवी फुटेज से तलाश कर रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर की विजय नगर कॉलोनी से एक 17 वर्षीय नाबालिग के गुमशुदा हो गया। परिजनों ने मामले की शिकायत थाने पर की है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज से तलाश में जुट गई है।**

जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक पवन कुमार गौर ने बताया कि रविवार रात करीब आठ बजे विजय कॉलोनी में रहने वाले मजदूर परिवार के मुखिया ने थाने पर आकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय लडका जो थोड़ी मानसिक रूप से अस्वस्थ भी हैं, घर से लापता हो गया है। परिजनों ने आशंका जताई की कोई व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर कर अपने साथ ले गया है। परिजनों ने बताया कि पहले उन्होंने नाबालिग की अपने घर के आसपास और मिलने वालों के यहां तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं लगी। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर मानसिक रूप से बीमार नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज तलाश कर जानकारी जुटाने में लगी है।

# मामूली विवाद में परिवार को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक बुजुर्ग और उसके परिवार के दो सदस्यों को आरोपियों ने पीट दिया। बताया जाता है कि मामूली सी बात पर विवाद हुआ। पहले बुजुर्ग को पीटा और जब उसके पति और बेटा बचाने के लिए आए तो उन दोनों को भी पीट दिया। निशा मालवीय(60) निवासी लक्ष्मीपुरी कालोनी की शिकायत पर निक्की खटके,लक्की खटके के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपने मकान की तरी करने गई थी। वहां पर मकान का सामान अस्त व्यस्त था वहां पर रहने वाली बाई से पूछा कि सामान किसी ने अस्त व्यस्त कर दिया है। तभी आरोपी निक्की आ गया। उसे धमकाते हुए बोला कि बुढिया ज्यादा मत बोल। विरोध करने पर उसके साथ में गाली गलौज की और पास में पड़ी ईंट उठाकर सिर पर मार दी। इससे चोट लग गई। उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया तो पति गोपाल और बेटा मयूर दोनों वहां पर आ गए। उसे बचाने लगे तो आरोपी निक्की का भाई लक्की भी वहां आ गया। दोनों ने विवाद करना शुरू कर दिया। लोहे के सरिये और ईंट से उन दोनों को भी मारा। जिससे पति गोपाल और बेटा घायल हो गए। घायल हालत में तीनों अस्पताल पहुंचे और वहां से इलाज के बाद में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रेन की चपेट में आया मजदूर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पटरी पार करने के दौरान एक मजदूर ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि हुक्माखेड़ी स्थित लाल मल्टी के पास से गुजर रही रेलवे पटरी को पार करने के दौरान हादसा हुआ। करीब &5 साल का एक श स रेलवे की पटरी पार कर रहा था और एकाएक वहां से गुजर रही ट्रेन ने उसे चपेट में ले लिया। घटना के दौरान उसका शव दो टुकड़ों में कट गया। उसकी पहचान नहीं हो पाई। वेशभूषा से वह मजदूर लग रहा है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# जिलाबदर बदमाश पकड़ाया

**इंदौर।** चांदू वाला रोड चंदन नगर में रहने वाले शाहरूख पिता गनी शाह जिस पर शहर के अलग अलग थानों पर कई अपराध दर्ज हैं उसे पिछले दिनों शहर और उसकी आसपास की सीमा से निष्कासित किया था मगर उक्त अवधि में बदमाश शहर में ही घूम कर लोगों के बीच भय उत्पन्न कर रहा था। पुलिस ने सिरपुर तालाब के पास स्थित दरगाह के पास से उक्त बदमाश को दबोच लिया और हवालात में डाल दिया।

# कूकर फटने से घायल वृद्धा की मौत

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में रहने वाली वृद्धा की हादसे में मौत हो गई। वह कूकर फटने के दौरान घायल हुई थी। लसूड़िया टीआई तारेश सोनी के मुताबिक दीपमाला (68) पति अनिल कुमार गीते निवासी पेरेडाइज टाउनशिप, निपानिया को 20 सितंबर को चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया। बेटे अनुराग ने बताया कि हादसे के वक्त वे किचन में काम कर रही थीं। तभी कूकर में ब्लास्ट हो गया। इससे वे घायल होने के साथ झुलस गई थीं। एक दिन के उपचार के बाद रविवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# दर्द से रहते थे परेशान, वृद्ध ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि उनका काफी समय पहले एक्सीडेंट हो गया था। उनके चेहरे और हाथ में रॉड डली थी। उम्र ज्यादा होने के बाद दर्द रहता था। इसे तनाव में आकर बुजुर्ग ने इस तरह का कदम उठा लिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शिवराम(67)पुत्र मोना जी पगारे निवासी कॉलोनी नगर ने रविवार देर शाम अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी आनंदी ने जब उन्हें देखा तो बेटे को सूचना की। बाद में पुलिस को मौके पर बुलाया गया। शिवराम मकान निर्माण के ठेकेदारी से जुडा काम करते थे।

परिवार के लोगो ने बातचीत में बताया कि कुछ साल पहले उनका एक्सीडेंट हुआ। जिसमें उन्हें मुंह ओर हाथ व शरीर के अन्य हिस्से में आपरेशन के दौरान रॉड डाली गई थी। पिछले कुछ दिनों से उनहें मुंह में काफी दर्द होता था। इससे उनसे खाना नही खाते बनता था। जिसे लेकर वह तनाव में रहते थे। शिवराम के परिवार में उनकी चार बेटियां और एक बेटा व पत्नी है। बेटा भी मकान निर्माण से जुडा काम करता है।

## पत्नी बच्चो से अलग रहते थे,सुसाइड किया

हीरानगर इलाके की छोटी भमोरी में रहने वाले एक मकान कॉरीगर ने भी रविवार रात सुसाइड कर लिया। वह अपने पत्नी और दो बेटो से अलग रहते थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक कैलाश(50)पुत्र विष्णु प्रसाद यादव है। रविवार देर शाम उनकी भतीजी ने उन्हें फंदे पर लटके देखा था। इसके बाद बेटे रोहन और अन्य लोगो को जानकारी दी। बताया जाता है कि कैलाश अपने पत्नी बच्चो से अलग भाई के पास नजदीक के घर में रहते थे। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नही हो पाया है।

### आर्मी बिल्ड़ीग में चोरी

# 21 मोबाइल,लेपटाप और केश ले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू आर्मी बिल्ड़ीग में चोरी की वारदात हो गई। बदमाश यहां से करीब 21 मोबाइल,लेपटॉप और नकदी रूपए लेकर फरार हुए है। पुलिस ने अज्ञात चोरो पर केस दर्ज किया है। महू पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक केप्टन वी जसवंत पुत्र राजशेखर रेड्?डी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरो पर केस दर्ज किया है। सेक्शन कंमाडर लाईन इंफेन्ट्री स्कूल बिल्ड़ीग नंबर ष्ठरु43 व ष्ठरु25 में घुसकर चोरो ने लॉकर से 21 मोबाइल,दो समार्ट वॉच और,एक लेपटाप व 61 हजार रूपए चुराकर ले गए। केप्टन ने बताया कि वह आर्मी कैंप से जगंल में गए थे। इस दौरान किसी ने वारदात को अजांम दिया।

# इंदौर का युवक काटकूट की कनाड़ नदी में डूबा

## खरगोन से बुलाई एसडीआरएफ की टीम, खोजबीन में जुटे ग्रामीण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमआईजी इलाके से गणेश विसर्जन के लिये अपने साथियों के साथ गया एक लडक़ा काटकूट की कनाड़ नदी में डूब गया। उसका सोमवार सुबह तक कोई पता नहीं चला है। बलवाड़ा पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया है। ग्रामीण सुबह से खोजबीन में लगे हैं।

बलवाड़ा टीआई अनिल बामनिया ने बताया कि शुभम (28) पुत्र रमेश पाल निवासी देव नगर अपने साथियों के साथ रविवार को गणेश विसर्जन के लिए काटकूट के जंगल में पहुंचा था। यहां कनाड़ नदी में गणेश विसर्जन के दौरान रविवार शाम को नहाने के दौरान वह गहराई में चला गया।

यहां से वह लौट नहीं सका। वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद दोस्तों ने देर शाम पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने खरगोन से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया है। सभी टीमें सोमवार सुबह से शुभम की तलाश कर रही है।

# गड्ढे में स्कूटर गिरने से महिला कोमा में

## पति पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौरवासियो, शहर की सड़कों पर निकलो तो अपनी जान की परवाह खुद ही करना, क्योंकि यहां का सिस्टम न सिर्फ सो रहा है बल्कि शर्मनाक स्तर तक गैरजिम्मेदार भी है। यह बात बीआरटीएस पर हुई एक भयावह घटना ने साबित भी कर दी है। बीआरटीएस पर पति के साथ स्कूटर से जा रही एक महिला गड्ढे के कारण उछलकर सड़क पर गिरी और सिर में चोट लगने से कोमा में चली गईं। आठ दिन से वह कोमा में हैं, लेकिन तंत्र की मनमानी, लापरवाही और असंवेदनशीलता देखिए कि इस घटना के लिए उसी महिला के पति पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अब पत्नी अस्पताल में है, पति पुलिस केस में फंस गया है, इनका छोटा बच्चा असहाय है, लेकिन बीआरटीएस के उस गड्ढे के लिए कोई जिम्मेदार नहीं माना गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। लापरवाही और गैरजिम्मेदारी की यह शर्मनाक घटना इंदौर की सबसे व्यस्त सड़क बीआरटीएस पर हुई। एमआईजी पुलिस के मुताबिक हादसा 14 सितंबर को हुआ। कुलकर्णी नगर निवासी शानू गौड़ अपने पति रवि के साथ अस्पताल जा रही थी। शानू की गोद में दो साल का बेटा (जियांश) भी था। रवि जैसे ही एलआईजी चौराहा से आगे (ब्लैक पल्स के सामने) पहुंचे, स्कूटर बीच सड़क पर बने गड्ढे में उतर गया। गड्ढे के कारण स्कूटर असंतुलित हो गया और आगे से उछल गया। पीछे बैठी शानू बच्चे सहित नीचे गिर गई, जिससे उसके सिर में गहरी चोट लगी।

# सुपरवाइजर का बैग उड़ाया

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में आरोपियों ने एक सुपर वाइजर का बैग बाइक से चुरा लिया। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त की। पुलिस ने मामले में संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक अर्जुन चौहान की शिकायत पर पुलिस ने पल्सर बाइक नंबर MP09ZC1373 के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने इसमें आरोपियों की शिनाख्त की। अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह इन्फ्रा इंटीरियो कंपनी में सुपरवाइजर का काम करता है।

# घर से निकलते ही पीछा करने लग जाता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।**छत्रीपुरा में रहने वाली एक कॉलेज की छात्रा से छेड़छाड़ और धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी अपने चाचा की दुकान पर बैठकर पीड़िता पर नजर रखता था। उसके घर से निकलते ही पीछा करने लग जाता था। छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक पीड़िता बीकॉम फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उसकी शिकायत पर पुलिस ने कान्हा टांक निवासी इंदिरा नगर पर छेड़छाड़ और धमकाने का केस दर्ज किया है। छात्रा ने बताया कि कान्हा उसे कुछ समय से परेशान कर रहा है। कॉलोनी में कान्हा का चाचा सैलून है। कान्हा वहां आकर बैठ जाता है। दुकान से मुझ पर नजर रखता है। घर से निकलते ही वह पीछा करता है। शनिवार को भी कान्हा ने पीछा किया। उसने हाथ पकड़ लिया। धमकी दी कि बात नहीं की तो ठीक नहीं होगा। छात्रा ने शोर मचाया तो कान्हा मौके से भाग गया। इसके बाद दुकानदार के मोबाइल से छात्रा ने घर पर जानकारी दी। छात्रा की मां उसे लेने पहुंची। छात्रा ने बताया कि आरोपी की हरकतों के चलते वह कॉलेज भी नहीं जा पाती। पुलिस ने शिकायत के बाद कान्हा पर केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

# बर्थडे मनाकर लौट रहे परिवार पर चाकुओं से हमला, पथराव भी किया, दो घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चंदन नगर में शनिवार देर रात चाकूबाजी की वारदात हो गई। अपनी बेटी का बर्थडे मनाकर लौट रहे कार सवार परिवार पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। फिर पथराव किया। दो कारें भी फोड़ दीं। इसमें एक अन्य बुजुर्ग घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलुस निकाला गया। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक निकिता पति अलकेश गवली की शिकायत पर पुलिस ने रोहित, पार्थ, भोला उर्फ आयुष और जितेन्द्र पर चाकूबाजी, पथराव और गाड़ियों में तोड़फोड़ करने के मामले में केस दर्ज किया है। निकिता ने पुलिस को बताया की शनिवार को उनकी बेटी जाह्नवी का जन्मदिन था। जिसमें सास, ससुर, पति व दोनों बेटियां होटल में खाना खाने गए थे। लौटते समय रास्ते में आरोपी खड़े मिले। जिससे हमें कार निकालने में दिक्कत हो रही थी। तभी पति ने कार से हॉर्न दिया। इसके बाद भी बदमाश नहीं हटे तो पति ने कार की विंडो खोलकर उन्हें हटने के लिये कहा। दो तीन बार कहने के बाद भी वे नहीं हटे और गुस्से में कहने लगे की साइड से कार निकालो। इसके बाद उन्होंने पति के साथ मारपीट की। पति ने बचाव किया तो पार्थ ने चाकू निकाला और पति पर दो से तीन वार किए। इस दौरान ससुर उनकी तरफ बढ़े और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। तो आरोपियों ने पथराव कर दिया। एक पत्थर ससुर के सिर में लगा और वे घायल हो गए। इस घटनाक्रम के दौरान कार में बैठी बच्चयां डर गईं और रोने लगी। उन्होंने नजदीक ही खड़ी राकेश सोलंकी की कारण पर भी पत्थर फेंके। यहां से वे चाकू लहराते हुए भाग निकले। निकिता पति और ससुर को घायल अवस्था में थाने पर लेकर पहुंची। यहां से उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए एमवाय अस्पताल भेजा।

# श्री महाकालेश्वर मंदिर में पांच दिन रहेगी उमा-सांझी महोत्सव की धूम, 28 सितंबर से शुरू होंगे कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। शिव एवं उमा का प्रकृति और पुरुष का उत्सव श्री महाकालेश्वर मंदिर में उमा-सांझी महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस बार यह महोत्सव 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। उमा-सांझी के पूजन की परंपरा प्राचीन संस्कृति पर आधारित है। पांच दिवसीय आयोजन में मंदिर के सभा मंडप में धार्मिक झांकियां तथा सांझी सजाई जाएगी। भगवान महाकाल मनमहेश रूप में कोटि तीर्थ कुंड में नौका विहार करेंगे। प्रतिदिन शाम को लोक कलाकार गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देंगे। ग्वालियर के ढोली बुआ नारदीय संकीर्तन से भक्तों को हरि कथा सुनाएंगे।**



श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिवर्ष श्राद्ध पक्ष में उमा सांझी महोत्सव मनाया जाता है। आयोजन के तहत महाकाल मंदिर के सभामंडप में संझा सजाई जाएगी। वहीं, महाकाल के आंगन में सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा इस वर्ष उमा-सांझी महोत्सव का आयोजन 28 सितंबर अश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी से 2 अक्टूबर अश्विन शुक्ल द्वितीया तक आयोजित किया जाएगा। इस पांच दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन सायं-आरती के पश्चात लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही बच्चों के लिए रंगोली और अन्य स्पधाऱ्ओं का आयोजन होंगे, जिसके अंतर्गत रंगोली के रंग से किलाकोट, रंगमहल, शीशमहल आदि की सांझी बनाएंगे। वहीं, चार अक्टूबर को चंद्र दर्शन की द्वितीया पर उमा माता की सवारी महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर परंपरागत मार्ग से शिप्रा तट तक जाएगी। शिप्रा पर संझा विसर्जन व पूजन के बाद सवारी वापस मंदिर आती है। पांच दिन तक संध्या के समय चयनित लोक कलाकारों द्वारा गायन, वादन व नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाती है।

### पांच-दिवसीय धार्मिक, सांस्कृतिक, और लोककला उत्सव

उमा सांझी महोत्सव, उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में मनाया जाने वाला पांच-दिवसीय धार्मिक, सांस्कृतिक, और लोककला उत्सव है। इस साल 2024 में यह महोत्सव 28 सितम्बर से शुरू हुआ था। इस महोत्सव के दौरान, मंदिर में कई तरह के आयोजन होते हैं, जिनमें शामिल हैं।

मंदिर के सभा मंडप में धार्मिक झांकियां और सांझी सजाई जाती है। रंग महल, उमा महल, और किला कोट जैसी झांकियां रंगोली के रंगों से सजाई जाती हैं। शिव-पार्वती के कई रूपों की झांकियां भी सजाई जाती हैं। भगवान महाकाल मनमहेश रूप में कोटि तीर्थ कुंड में नौका विहार करते हैं। प्रतिदिन शाम को लोक कलाकार गीत, संगीत, और नृत्य की प्रस्तुति देते हैं। ग्वालियर के ढोली बुआ नारदीय संकीर्तन से भक्तों को हरि कथा सुनाते हैं।

## मलपीथा गांव में मछली पकड़ते समय जामनी नदी में गिरे दो युवक, एक को बचाया, दूसरा लापता



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़**। टीकमगढ़ जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के मलपीथा गांव में जामनी नदी में मछली पकड़ते समय दो युवक नदी में गिर गए। एक युवक को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि दूसरा युवक कन्हैया सौर लापता है। प्रशासन ने तुरंत एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर तलाशी अभियान शुरू किया है। नदी पार करते समय पैर फिसलने से यह हादसा हुआ। टीकमगढ़ जिले के पुलिस थाना मोहनगढ़ के अंतर्गत आने वाले मलपीथा गांव में दो युवक मछली पकड़ने के लिए गए थे। दोनों ही मालपीथा गांव के रहने वाले हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पास जामनी नदी है, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को जोड़ती है। इसी के गोरघाट नदी पर यह लोग मछली पकड़ रहे थे। यह दोनों लोग नदी पर बने स्टाफ डैम को पार कर रहे थे। तभी इनका पैर फिसल और दोनों नदी में गिर गए। जैसे ही स्थानीय लोगों ने इन्हें चिल्लाते हुए देखा तो दौड़ लगाकर के नदी में छलांग लगा दी। इसमें से एक व्यक्ति को बचा लिया गया है, जबकि दूसरा लापता है। इसके बाद सूचना प्रशासन को दी गई प्रशासन मौके पर पहुंच गया है और एस डीआरएफ की टीम उसकी तलाश कर रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं कन्हैया सौर लापता है, तो उसकी तलाश के लिए प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम को भेजा है। टीम लगातार तलाश में जुटी हुई है।

## मवेशियों को खोजने जंगल गए बुजुर्ग पर भालू ने किया हमला, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह**। दमोह जिले के सिंग्रामपुर रेंज में बड़ी संख्या में भालू हैं, जिनके हमले से लोग घायल होते रहते हैं। रविवार दोपहर इसी रेंज की कुंडम बीट के करिया ककरा जंगल में एक बुजुर्ग पर भालू ने हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग की जांघ में भालू के दांतों के गहरे घाव हो गए। घायल को बीटगार्ड के द्वारा 108 वाहन से जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार बम्होरी निवासी जाहर पिता घुल्लू यादव 58 अपने साथी गुहु घोषी के साथ जंगल में मवेशियों को खोज रहा था। तभी जंगल में चार भालू दिखे। इनसे सतर्क हो पाते तब तक एक भालू ने अचानक से जाहर पर हमला कर दिया। दूसरे साथी ने आवाज लगाकर ग्रामीणों को बुलाया हल्ला होते ही भालू बुजुर्ग को छोड़कर भाग निकला। हादसे की सूचना वन विभाग को दी गई।

## प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में फिर बारिश की आहट, इन 8 जिलों में भारी बारिश की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्य प्रदेश में कुछ दिनों की राहत के बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, 23 सितंबर से प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में बारिश का दौर फिर से शुरू होगा। अगले कुछ दिनों में राज्य के 8 जिलों में तेज बारिश और अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र पूरी तरह सक्रिय हो चुका है, जिसका असर खासकर दक्षिणी और पूर्वी मध्य प्रदेश पर पड़ेगा। इस सिस्टम के प्रभाव से मानसूनी गतिविधियों में तेजी आएगी, जिससे एक बार फिर प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश होगी। यह सिस्टम राजस्थान से होते हुए दक्षिण पूर्व दिशा और पश्चिमी मध्य बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय हो सकता है।

### इन जिलों में होगी भारी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, खंडवा, डिंडौरी, देवास, बालाघाट, खरगोन, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, बैतूल और पांढुर्णा में भारी बारिश की संभावना है। इन जिलों में 25 सितंबर तक मौसम और बिगड़ सकता है। खंडवा में हल्की बारिश की संभावना 23 सितंबर से है, जबकि 25 सितंबर से तेज बारिश हो सकती है। यहां अब तक 838.4 मिमी बारिश हो चुकी है, जो औसत 808 मिमी से अधिक है। पिछले साल इस समय तक 851.8 मिमी बारिश हुई थी।

### अन्य जिलों में मध्यम बारिश का अनुमान

जबलपुर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। इन जिलों में आने वाले दिनों में बादल छाए रह सकते हैं और तापमान में भी हल्की गिरावट हो सकती है।

### यहां खिलेगी धूप

मौसम विभाग ने बताया कि नीमच, ग्वालियर, मंदसौर, भिंड, रतलाम, मुरैना, उज्जैन, श्योपुर, आगर-मालवा, दतिया, कटनी, शिवपुरी, मऊगंज, गुना, रीवा, अशोकनगर, सतना, निवाड़ी, पन्ना, टीकमगढ़ और छतरपुर में तेज धूप खिली रहेगी। इन जिलों में फिलहाल बारिश की संभावना कम है, लेकिन कुछ जगहों पर उमस बढ़ने की आशंका है।

### तापमान और उमस से लोग परेशान

खंडवा और आसपास के क्षेत्रों में बीते दो दिनों से उमस भरा मौसम बना हुआ है। यहां अधिकतम तापमान 33.5C और न्यूनतम तापमान 23C दर्ज किया गया है। उमस के कारण लोग असहज महसूस कर रहे हैं, लेकिन 23 सितंबर के बाद होने वाली बारिश से इस स्थिति में राहत मिलने की संभावना है।

## चलती गरीब रथ ट्रेन में निकला पांच फीट लंबा सांप, यात्रियों में हड़कंप, सुरक्षित निकाला गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। जबलपुर-मुंबई गरीब रथ ट्रेन में रविवार एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिससे यात्रियों के बीच अचानक हड़कंप मच गया। ये दहशत चलती ट्रेन में सांप की थी। दरअसल ट्रेन में करीब पांच फीट लंबा सांप निकल आया। उसके बाद पूरे कोच में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रेन जबलपुर से निकलकर भुसावल और कसारा स्टेशन के बीच पहुंची थी, तभी ये नजारा सामने आया।



जानकारी के अनुसार ग़रीब रथ एक्सप्रेस में एक यात्री की नजर कोच में लगे लोहे के रॉड पर पड़ी जिसमें सांप लिपटा हुआ था। ये नजारा देखते ही उसे सभी को सावधान किया। फिर क्या था इस सूचना के फैलते ही यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। यह घटना मध्य प्रदेश के जबलपुर से मुंबई जा रही ट्रेन के कोच नंबर G17 में हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

इस घटना की सूचना तुरंत ही रेलवे को दी गई। सूचना मिलते ही ट्रेन को रोका गया। रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद पूरे कोच की जांच की गई। राहत की बात ये रही कि सांप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। रिपोर्ट्स के अनुसार, किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ और ट्रेन की यात्रा सामान्य रूप से जारी रही।

# संपादकीय

## आस्था को लेकर छिड़ी सियासत

राजनीतिक लाभ के लिए आस्था को भुनाने का चलन नया नहीं है। मगर तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी युक्त मिलावटी घी के उपयोग का मामला मंदिरों की पवित्रता से भी जुड़ा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सार्वजनिक मंच से आरोप लगाया कि पिछली सरकार के समय तिरुपति मंदिर में प्रसाद के रूप में बनने वाले लड्डू के लिए सस्ती दर पर मिलावटी घी खरीदा गया। प्रयोगशाला जांच से पता चला है कि उस घी में पशु चर्बी मिली हुई थी। इसे लेकर स्वाभाविक ही विवाद छिड़ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी का कहना है कि चंद्रबाबू नायडू अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस मामले को भड़का रहे हैं। हालांकि इस पर केंद्र सरकार ने भी गंभीरता दिखाते हुए प्रसाद के नमूने जांच कराने को कहा है। कांग्रेस ने मंदिरों की पवित्रता सुनिश्चित करने की जरूरत रेखांकित की है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय इस मामले में सुनवाई करने को तैयार हो गया है। मंदिरों में चढ़ावे आदि को लेकर विवाद और उनके प्रबंधन को चुस्त तथा पारदर्शी बनाने की मांग बहुत पहले से उठती रही है। मगर तिरुपति बालाजी मंदिर की प्रबंध समिति यानी तिरुमला तिरुपति देवस्थानम इस मामले में बहुत व्यवस्थित और पारदर्शी मानी जाती रही है। वहां बनने वाले प्रसाद के मानक तय हैं। घी और अन्य सामग्री की गुणवत्ता और पवित्रता जांचने के लिए आंतरिक प्रयोगशाला है। तीन स्तरों पर इसकी जांच की जाती है। घी आदि की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार हर छह महीने बाद बदल दिए जाते हैं। इसके बावजूद अगर वहां के प्रसाद की पवित्रता पर सवाल उठे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे लोगों की आस्था पर चोट पहुंची है। मंदिर और धार्मिक स्थल राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर होने चाहिए, पर इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि वास्तव में ऐसा है नहीं। इसीलिए तिरुपति बालाजी के लड्डूओं में पशु चर्बी होने के आरोप पर सियासत शुरू हो गई है। मगर अपेक्षा की जाती है कि इस मामले को दूसरे मामलों की तरह सियासी रंग देकर दरकिनार करने के बजाय मंदिर की पवित्रता सुनिश्चित करने के कठोर उपाय होने चाहिए।

### अर्ज किया है..!

*दिल भी अजीब*
*ख़ाना-ए-वहदत-पसंद था*
*इस घर में या तो तू रहा*
*या बे-दिली रही*

*- विपुल कुमार*

## OSHO कहिन

**प्रेम तब खुश होता है जब वह कुछ दे पाता है, अहंकार तब खुश होता है जब वह कुछ ले पाता है।**



## सैर सपाटा

भोलेनाथ का ससुराल कहे जाने वाले कनखल में गंगा किनारे एक प्राचीन घाट स्थित है। कहते हैं कि इस घाट पर पितरों का श्राद्ध करने से उन्हें सीधा स्वर्ग में स्थान मिलता है। तो चलिए आज इसी पवित्र स्थल के बारे में जानते हैं।

# भोलेनाथ के ससुराल में बसा है ये प्राचीन घाट, पितरों का श्राद्ध करने पर सीधा स्वर्ग में मिलता है वास



स्वयं श्री हरि की नगरी कहे जाने वाले 'हरिद्वार' का धार्मिक रूप से बड़ा ही महत्व है। यहां मां गंगा के किनारे बसते हैं ढेरों प्राचीन मंदिर और घाट। इन सभी का अपना विशेष स्थान और महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां के हर एक मंदिर और घाट की अपनी अलग कहानी है। पितृ पक्ष की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में ढेरों श्रद्धालु गंगा किनारे बसे इन घाटों पर पहुंचते हैं। अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पूजा - पाठ करते है। इन्हीं घाटों में से एक है दक्ष घाट। कहा जाता है कि इस घाट पर अपने पूर्वजों का श्राद्ध करने से उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है। तो चलिए आज धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण इस घाट के बारे में जानते हैं।

### महादेव के ससुराल में बसता है ये दिव्य घाट

प्रसिद्ध दक्ष घाट, हरिद्वार शहर की उपनगरी कनखल में बसे अत्यंत प्राचीन और प्रसिद्ध 'दक्षेश्वर महादेव मंदिर' के पास स्थित है। इस घाट का धार्मिक महत्व बहुत ही ज्यादा है। देश-विदेश से लाखों करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आकर स्नान करते हैं और पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध और तर्पण करते हैं। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि यहां पर पितरों के लिए निर्मित कार्य करने से पितरों की आत्मा संतुष्ट होकर सीधे स्वर्ग में वास करती है।

### दक्ष घाट का पौराणिक महत्व

हरिद्वार की उपनगरी कनखल एक ऐतिहासिक नगरी है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ये नगरी भगवान शिव का ससुराल और राजा दक्ष की राजधानी है। यहां भगवान शिव का प्रसिद्ध मंदिर 'दक्षेश्वर महादेव मंदिर' स्थित है जिसमें भगवान शिव की प्रतिमा के साथ राजा दक्ष के कटे हुए सिर की पूजा की जाती है। इसी मंदिर के पास दक्ष घाट बनाया गया है। बताया जाता है कि जब गंगा जी पहाड़ी क्षेत्र से, मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करती हैं तो गंगा जी की तीन धाराओं में से एक धारा, सती कुंड से होते हुए, 'दक्षेश्वर महादेव मंदिर' तक पहुंचती है। यहीं पर दक्ष घाट बनाया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो भी भक्त दक्ष घाट में स्नान करने के बाद मंदिर में शिव जी का अभिषेक करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

New Delhi

# 'बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना, प्रकाशित और डाउनलोड करना अपराध...', सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है. सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि इस तरह का कंटेंट देखना, प्रकाशित करना या डाउनलोड करना अपराध है. फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें इसे अपराध के दायरे में नहीं रखा गया था.

मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदी वाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने की. कोर्ट ने केंद्र सरकार से चाइल्ड पोर्नोग्राफी की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' शब्द इस्तेमाल करने के लिए कहा.



जस्टिस जेबी पारदीवाला ने सर्व सम्मत फैसले में मद्रास हाईकोर्ट के फैसले पर कहा,' आपने (मद्रास हाई कोर्ट) आदेश में गलती की है. इसलिए हम हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए मामले को वापस सेशन कोर्ट में भेजते हैं. दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट को सिर्फ डाउनलोड करना या फिर देखना, POCSO एक्ट या IT कानून के तहत अपराध के दायरे में नहीं आता.

मद्रास हाईकोर्ट ने इसी आधार पर मोबाइल फोन में बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट रखने के आरोपी शख्स के खिलाफ चल रहे केस को रद्द कर दिया था. बता दें कि मद्रास हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाली कई संस्थाओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था.

Andhra Pradesh

## तिरुपति लड्डू विवाद की अब SIT करेगी जांच, मंदिर के शुद्धिकरण के लिए शुरू हुआ महा शांति होम



**अमरावती.** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी का मामला पूरे देश में तूल पकड़ चुका है. इस बीच मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आदेश के मुताबिक अपवित्रता को ठीक करने के लिए तिरुमाला में आज (सोमवार) को शांति होमम पंचगव्य प्रोक्षण यानी की होम का आयोजन किया जा रहा है. मंदिर के शुद्धिकरण के लिए हो रहे इस होम का आयोजन श्रीवारी (श्री वेंकटेश्वर) मंदिर में बंगारू बावी (स्वर्ण कुआं) यज्ञशाला (अनुष्ठान स्थल) में किया जा रहा है.

मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने इसकी जांच के लिए अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) का गठन कर दिया है. सरकार ने जिस SIT का गठन किया है, उसकी निगरानी इंस्पेक्टर जनरल (IG) या इसके ऊपर के स्तर के अधिकारी करेंगे. एसआईटी सभी कारणों की जांच करेगी, जिसमें सत्ता का गलत इस्तेमाल भी शामिल है. जांच के बाद रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का कहना है कि सरकार इसे लेकर सख्त कदम उठाएगी, जिससे लड्डू में मिलावट जैसी घटनाएं दोबारा ना हों.

सीएम चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया है कि नियमों के मुताबिक घी सप्लायर्स के पास कम से कम 3 साल का अनुभव होना चाहिए. हालांकि, जगन मोहन रेड्डी के सत्ता संभालने के बाद इसे घटाकर एक साल कर दिया गया. सीएम ने यह

Uttarpradesh

## सुल्तानपुर डकैती में सबसे आगे था अनुज प्रताप सिंह, एनकाउंटर टीम को मिली 2 पिस्टल; 4 किलो चांदी

**सुल्तानपुर।** यूपी एसटीएफ के हाथों सोमवार तड़के उन्नाव में मारा गया अनुज प्रताप सिंह सुल्तानपुर में भरत जी ज्वैलर्स के यहां 28 अगस्त को पड़ी डकैती में सबसे आगे था। सबसे पहले वही दुकान में घुसा था और दुकानदार भरत सोनी और उनके बेटे पर पिस्तौल तान दी थी। अनुज के मारे जाने के बाद उसके पास से पुलिस को दो पिस्टल, नौ कारतूस और चार किलोग्राम चांदी मिली है। अनुज प्रताप सिंह, सुल्तानपुर डकैती को अंजाम देने वाले गैंग के सरगना विपिन सिंह का सबसे करीबी माना जाता था। पुलिस द्वारा जारी सुल्तानपुर डकैती के वीडियो में भी वही सबसे आगे दिखाई दे रहा था। अनुज से पहले पुलिस ने इस डकैती में शामिल रहे मंगेश यादव को पांच सितम्बर को एनकाउंटर में मार गिराया था जिसे लेकर यूपी की सियासत गरमा गई थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव यूपी एसटीएफ पर लगातार जाति देखकर एनकाउंटर करने का आरोप लगा रहे थे। सुल्तानपुर डकैती को अंजाम देने के लिए गैंग के बाकी चार सदस्य अनुज प्रताप सिंह के बाद ही दुकान में घुसे थे।

Jammu & Kashmir

## जम्मू-कश्मीर में पहली बार वोट डालेंगे हजारों दलित परिवार, 7 दशक बाद माने गए नागरिक

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव इस बार कई मायनों में अलग हैं। लद्दाख अब अलग केंद्र शासित प्रदेश है, आर्टिकल 370 और 35ए अब इतिहास का हिस्सा हैं और जम्मू-कश्मीर भी फिलहाल एक पूर्ण राज्य नहीं है। यही नहीं इनके अलावा एक अहम बात यह है कि पहली बार ऐसे हजारों लोगों को मतदान करने का मौका मिलेगा, जो अब तक जम्मू-कश्मीर के चुनाव में सिर्फ मूकदर्शक हुआ करते थे। ये लोग यहां 7 दशकों से बसे तो हैं, लेकिन अब तक वह किसी चुनाव का हिस्सा नहीं होते थे। ये वे लोग हैं, जो 1947 में भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान से आकर बसे थे।

इनमें से ज्यादातर लोग जम्मू, कठुआ, राजौरी जैसे जम्मू-कश्मीर के जिलों में जाकर बसे थे। 1947 में आए इन लोगों को अब तक नागरिकता ही हीं मिल पाई थी और 5764 परिवारों को कैंपों



में रहना पड़ता था। सरकारी, निजी नौकरी या फिर कोई भी संगठित रोजगार वे नहीं कर सकते थे। चुनाव में हिस्सा लेने का उन्हें अधिकार नहीं था। इसलिए किसी भी तरह का दबाव बनाने की स्थिति में भी वे नहीं थे। आर्टिकल 370 हटा तो इन लोगों के लिए उम्मीद की किरण जगी। उन्हें नागरिकता मिली, जमीन खरीदने, नौकरी का अधिकार मिला और वे लोकतंत्र का हिस्सा बने।

खेल

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित, बुमराह को नहीं दिया गया आराम

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। भारत ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच के चौथे ही दिन बांग्लादेश को 280 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच अब 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क में दूसरा और अंतिम टेस्ट मुकाबला खेला जाना है।




भारत ने इस टेस्ट मैच के लिए वही टीम बरकरार रखी है जो पहले टेस्ट मैच के लिए घोषित की गई थी। ऐसा माना जा रहा था कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है, लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें भी टीम में शामिल रखा है। बुमराह के अलावा तेज गेंदबाज यश दयाल और आकाश दीप ने भी अपनी जगह बरकरार रखी है, जबकि सरफराज खान और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल भी टीम के साथ यात्रा करेंगे। चेन्नई टेस्ट में भारत तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था। इस मैच में यश दयाल को प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली थी। अब देखना होगा कि टीम कानपुर टेस्ट के लिए एकादश में कोई बदलाव करती है या इसी टीम के साथ उतरने का फैसला करेगी।

शमी की नहीं हुई वापसी

पिछले साल हुए वनडे विश्व कप के बाद से चोटिल होने के कारण भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मैदान पर वापसी का इंतजार और बढ़ गया है। फिट होने की राह पर दिख रहे शमी को पहले टेस्ट के लिए शामिल नहीं किया गया था। उस वक्त लग रहा था कि शायद चयनकर्ता शमी को पूरी तरह फिट होने के लिए कुछ और समय देना चाहते हैं, लेकिन दूसरे टेस्ट के लिए घोषित हुई टीम में भी उनका नाम नहीं है। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने पहले कहा था कि दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज का लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में वापसी करना था। पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही थी कि शमी बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से मैदान पर वापसी कर सकते हैं, लेकिन इस टीम के लिए खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें टीम में नहीं रखा गया। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या शमी न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा होंगे? या उन्हें अभी वापसी के लिए और इंतजार करना पड़ेगा।

**बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है...**

**रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।**

सिनेमा

## 'स्त्री 2' ने रचा इतिहास, पार किया वो माइलस्टोन जहां तक नहीं पहुंच पाए खान्स, शुरू किया 600 करोड़ क्लब




राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' का ट्रेलर आने के बाद से ही लोगों को ये 'वाइब' आ रही थी कि फिल्म बड़ी हिट होने वाली है. मगर ये कितनी बड़ी हिट होगी इसका अंदाजा किसी को नहीं था. 2018 में बिना बड़ी स्टारकास्ट और धमाकेदार पब्लिसिटी के आई 'स्त्री' ने लगभग 130 करोड़ कमाकर सभी को सरप्राइज कर दिया था. तब ये अपने दौर की सबसे बड़ी स्लीपर हिट थी. जब बारी 'स्त्री 2' की आई तो सबसे कॉमन अनुमान ये था कि ये फिल्म 300 करोड़ तक नेट कलेक्शन करने का दम रखती है. मगर तब किसी को क्या पता था कि 'स्त्री 2' के लिए जनता ऐसी क्रेजी होगी कि ये फिल्म अनुमानों से दोगुनी कमाई कर डालेगी. दिनेश विजान की हॉरर यूनिवर्स की अल्टीमेट फिल्म 'स्त्री 2' को रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा समय हो गया है, मगर ये फिल्म अभी भी शानदार कमाई कर रही है. गुरुवार को 5 हफ्ते पूरे करने के बाद फिल्म का नेट कलेक्शन 589.90 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था और इसने कमाऊ हिंदी फिल्म का टाइटल अपने नाम कर लिया था. मगर छठे वीकेंड में 'स्त्री 2' ने एक नया इतिहास बना दिया है. फिल्म ने नेशनल सिनेमा डे से मिले बूस्ट के साथ, शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर 5.20 करोड़ का कलेक्शन किया और शनिवार को नॉर्मल टिकट रेट्स के साथ फिल्म की कमाई 3.80 करोड़ रही.

## Highlights

1. **Body of UPSC aspirant found near coaching institute in Delhi**
2. **PM Modi is incredible student, wants to learn tech: Nvidia's Huang**
3. **Purification ritual held at Tirupati temple amid row over animal fat in laddoo prasadam**
4. **I call you 'Rashtradoot': PM Modi to Indian diaspora in New York**
5. **Gangster Raja, wanted for Armstrong murder, shot dead by police**
6. **'I don't give business to Muslims & Maharashtrians,' says TC; suspended**

# India's September business growth at nine-month low as demand eases, PMI shows

**NEW DEIHI, (Agency).** Growth in India's business activity slowed to a nine-month low in September amid a slight cooling in demand and an uptick in costs, according to a survey that also showed services sector jobs rose at the fastest pace in two years.

HSBC's flash India Composite Purchasing Managers' Index , compiled by S&P Global, slipped to 59.3 this month from August's final reading of 60.7.

However, overall activity remained strong, taking the expansionary streak - the 50-mark separating expansion from contraction - to over three years.

"The flash composite PMI in India rose at a slightly slower pace in September, marking the slowest growth observed in 2024," noted Pranjul Bhandari, chief India economist at HSBC.

"Both the manufacturing and service sectors exhibited similar trends during the month. Nevertheless, the pace of growth remained well above the long-term average."



The dominant services industry's index fell to 58.9 this month from 60.9 in August, its lowest since November, while the manufacturing one cooled to an eight-month low of 56.7 from 57.5.

Overall growth was hurt by a softer rise in new business and orders - key gauges for demand - for both services and goods providers in domestic as well as overseas markets. The pace of expansion in manufacturing output was largely unchanged from August.

Highlighting softer demand, companies refrained from fully passing on a slight acceleration in input costs to customers as prices charged were muted compared to last month. Firms noted higher raw materials and electricity prices.

"Input cost inflation rose at a slightly quicker pace in September. Rates of increase in output charges slowed in both sectors, with manufacturers experiencing a larger slowdown, implying a bigger reduction in their margins," added Bhandari.

# Nvidia's Jensen Huang effusively praises 'incredible student' PM Modi: 'Every time I meet him...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Nvidia CEO Jensen Huang, who met PM Narendra Modi in a roundtable conference in New York, said that India is having its moment and all businesses have to seize this opportunity. He said, "This is India's moment. You have to seize the opportunity" as he talked about Nvidia wishing to partner with India on Artificial Intelligence (AI).

He said, "India, as you know, is also home of some of the world's greatest computer scientists. So this is a great opportunity. Artificial intelligence is also a new industry, a new manufacturing industry that's very important and so I'm looking forward to partner with India in a very deep way to make that possible." Talking about his meeting with PM Modi, Jensen Huang called the Indian prime minister "an incredible student" who wants to learn about technology and AI to explore the opportunities for India.



He said, "I have enjoyed so many meetings with Prime Minister. He is such an incredible student and every time I see him, he wants to learn about technology, Artificial Intelligence, the potential and opportunity for India, the impact on Indian society & industry...India is also home of some of the world's greatest computer scientists. So, this is great opportunity. Artificial Intelligence is also a new industry, a new manufacturing industry that is very important and so I'm looking forward to partner with India in a very deep way to make that possible."

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी
समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक